मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग
हर वोट कीमती • हर निकाय महत्वपूर्ण

निर्वाचन भवन
58, अरेरा हिल्स भोपाल-462011
Email - mpsec@mp.gov.in
Ph.No. - 0755-2555527

क्रमांक-एफ-70NN-23/2024/पाँच/1285 भोपाल, दिनांकः 04/11/2024

प्रति,

कलेक्टर एवं
जिला निर्वाचन अधिकारी
(स्थानीय निर्वाचन)
जिला-समस्त
मध्यप्रदेश।

विषयः-नगरीय निकायों में आकस्मिक रिक्तियों की जानकारी ऑनलाईन भेजने के संबंध में।

---00---

मध्यप्रदेश नगरपालिका निर्वाचन नियम, 1994 के नियम 79(क)(2) के तहत् जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में जिले की विभिन्न नगरीय निकायों में आकस्मिक रिक्तियों का समेकित ब्यौरा आयोग को भेजे जाने का प्रावधान है।

02/ आयोग द्वारा दिनांक 15 नवम्बर, 2024 तक नगरीय निकायों में आकस्मिक रूप से रिक्त पदों के आधार पर उत्तरार्द्ध 2024 में उप निर्वाचन सम्पन्न कराये जायेंगे।

03/ नगरीय निकायों में आकस्मिक रूप से रिक्त (महापौर/पार्षद) पदों की ऑनलाईन जानकारी भेजने के लिए **URL** का लिंक आयोग की वेबसाईट पर **www.mplocalelection.gov.in** पर उपलब्ध कराई गई है। जिला निर्वाचन अधिकारी उन्हें पूर्व में प्रदाय लागिन आई.डी. और पासवर्ड के माध्यम से ऑनलाईन प्रविष्टि कर सकते है। ऑनलाईन जानकारी भेजने में यदि कोई कठिनाई हो तो आयोग की आई.टी. शाखा से संपर्क कर सकते हैं।

04/ <u>जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा दिनांक **15** नवम्बर 2024 तक नगरीय निकायों में आकस्मिक रूप से रिक्त हुये पदों की ऑनलाईन उपलब्ध कराई गई जानकारी के आधार पर उत्तरार्द्ध 2024 में उप निर्वाचन कराये जायेंगे। अतः कृपया जानकारी भेजते समय शुद्धता का विशेष ध्यान रखे और यह भी सुनिश्चित करें कि कोई भी आकस्मिक रिक्ति की सूचना भेजने से छूट न जाये।</u>

05/ आकस्मिक रिक्तियों की जानकारी समयसीमा में उपलब्ध न कराने अथवा त्रुटिपूर्ण उपलब्ध कराने को आयोग द्वारा गंभीरता से लिया जायेगा और इसके लिये आप व्यक्तिगत तौर से उत्तरदायी होंगे।

06/ आयोग द्वारा विगत निर्वाचनों में यह अनुभव रहा है कि कतिपय जिलों द्वारा ऑनलाईन जानकारी **URL** पर प्रविष्टि तो की गई किन्तु रिक्त पदों की जानकारी त्रुटिरहित होने के संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (स्थानीय निर्वाचन) द्वारा प्रमाणीकरण नहीं किया गया।

अतः जानकारी की प्रविष्टि प्रमाणीकरण सहित कर जानकारी आयोग को भिजवाना सुनिश्चित करें।

कृपया इसे सर्वोच्च प्राथमिकता दे।

(अभिषेक सिंह)
सचिव
म.प्र.राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल

पृ. क्रमांक-एफ-70NN-23/2024/पाँच/ 1986 भोपाल, दिनांकः 04/11/2024

प्रतिलिपिः-

1. संभागीय आयुक्त, समस्त संभाग, मध्यप्रदेश।
2. आयुक्त, नगरपालिक निगम (समस्त) मध्यप्रदेश।
3. अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) समस्त मध्यप्रदेश।
4. जनसंपर्क अधिकारी/निर्वाचन सामग्री (स्टोर) प्रभारी/ई.व्ही.एम. प्रभारी, मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल।
5. आई कंसलटेंट, मध्यप्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल की ओर वेबसाईट पर अपलोड कराने हेतु।
6. गार्ड फाईल।

(प्रदीप शुक्ला)
उप सचिव (नपा.)
म.प्र.राज्य निर्वाचन आयोग भोपाल